# आदिवासी समाज को गुमराह करने वाले नेताओं को सबक सिखाने का सही समय आ रहा है जंगल के राजा को चूहा बनाने के लिए जनता का दरबार सही फैसला लेता है -मदन राठौड़

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़: सज्जनगढ़ 12 अप्रैल भारतीय जनता पार्टी विधानसभा कुशलगढ़ की जनसभा शनिवार को सज्जनगढ़ के संदलाई बड़ी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ की अध्यक्षता आयोजित की बैठक में मुख्य अतिथि सिंचाई मंत्री सुरेश सिंह रावत ,जनजातीय क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी में आयोजित हुई बैठक में विशिष्ट अतिथि जल संसाधन मंत्री।पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय भाजपा के जिला अध्यक्ष पूंजीलाल गायरी पूर्व संसदीय सचिव भीमाभाई डामोर कुशलगढ़ प्रधान कानहिंग रावत सज्जनगढ़ प्रधान रामचंद्र डिंडोर भाजपा के जिला महामंत्री दीप सिंह वसुनिया भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रताप पटेल ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी सुखलाल पटेल रहे इस मौके पर मुख्य अतिथि पद से सिंचाई मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि किसानों के पानी के लिए धन की कोई कमी नहीं है जो मांगोगे हर हाल में मिलेगा किसानो की आय चार गुना करने के लिए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प लिया है इस संकल्प के साथ राजस्थान की भजनलाल की सरकार संकल्प के हर कदम पर किसानों के साथ है इन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने यह भी कहा कि किसानों के खेत तक पानी पहुंचाने के लिए बड़ी से बड़ी योजना बनाकर इस जनजाति क्षेत्र को आत्मनिर्भर पर और विकसित बनाने का का सपना वर्ष 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है हमारी सरकार ने हर घर




नल योजना शुद्ध जल योजना के जरिए किसानों के गरीब परिवारों के स्वास्थ्य के प्रति कदम उठाते हुए पानी पहुंचाने के लिए 60% कार्य पूरा कर चुके हैं इन्होंने गोयका प्रसाद तालाब के लिए भी अतिरिक्त बजट देने की बात कही है एवं इस
परियोजनाएं से जिले की छह तहसीलों बांसवाड़ा, बागीदौरा, गांगड़ तलाई, आनंदपुरी, कुशलगढ़ और सज्जनगढ़ को जोड़ा गया है। इससे 338 गांवों के 42 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। यहां माही परियोजना के बांध से 105 कि.मी. लम्बी मुख्य नहर का निर्माण होगा। मुख्य नहर से वितरिका और माइनर निकालकर डिग्गी निर्माण कर फव्वारा पद्धति द्वारा सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।जनजातीय क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबू लाल खराड़ी ने कहा जनजातीय क्षेत्रों में सिंचाई की सुविधाएं बढ़ें, इसके लिए भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आदिवासी



बाहुल्य जिलों के विकास में राज्य सरकार ने कोई कमी नहीं रखी है। इसके लिए जनजाति विकास कोष की राशि 100 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 1500 करोड़ रुपए की गई है। इससे क्षेत्र में पानी, सड़क, स्वास्थ्य सहित अन्य विकास कार्य कराए जा रहे हैं।भाजपा जिला अध्यक्ष पूंजीलाल गायरी ने कहा कि आज का यह आयोजन केवल योजनाओं का शुभारंभ नहीं, बल्कि इससे बांसवाड़ा विधानसभा में 33, कुशलगढ़ में 127 और बागीदौरा में 178 गांवों में सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने क के लिए एक समृद्ध और सशक्त भविष्य का वादा है। डबल इंजन सरकार की यह पहल हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।2500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास कर किसानों को ऐतिहासिक सौगात दी जो अपनें आप में राजस्थान के विकास पथ पर एक नए अध्याय के रूप में जाना जायेगा।भाजपा की डबल इंजन की सरकार

लाखों लोगों को पेयजल उपलब्ध कराएगी। अपर हाई लेवल केनाल यह योजना न केवल जल संकट का समाधान करेगी बल्कि जनजाति क्षेत्रों के किसानों और ग्रामीण जीवन को नई दिशा देगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान की सरकार ने पहली बार ऐतिहासिक फैसला लेते हुए 2000 की आबादी तक के गांव को पंचायत बनाने का काम पूरा कर लिया है इतना ही नहीं डेढ़ सौ से अधिक आबादी वाले मजरे मोहल्ले को राजस्व गांव बनाकर उसको विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम भी थी वह गति से किया जा रहा है भारत आदिवासी पार्टी पर निशाना साधा कहां की आदिवासी समाज को गुमराह करके धोखा देने वाले इस बांसवाड़ा डूंगरपुर के सांसद को पंचायत राज चुनाव में सबक सिखाने के लिए क्षेत्र की जनता तैयार बैठी हुई है। सांसद बनने के बाद उन्होंने आदिवासी विकास के लिए संसद में कोई बात नहीं कही है मंत्र आदिवासी समाज हिंदू नहीं है मांग में सिंदूर नहीं भरेगी आदि की बात बातें करके समाज को तोड़ने का काम किया जा रहा है परंतु भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जी समाज की रक्षा के लिए और उनका विकास के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए तैयार बैठा हुआ है राजस्थान में 2028 में भी भाजपा की सरकार पुणे बनेगी इस क्षेत्र में कांग्रेस का तो नामो निशान नहीं बचा है। अब कांग्रेस भी भारत आदिवासी के साथ गठबंधन करके इस क्षेत्र में जाति धर्म की राजनीति करने में लगी हुई है क्षेत्र की भोली भाली जनता ने उनकी झूठी बातों में आकर उनको जितवा दिया पर अब दाल नहीं करने वाली राठौर ने यह भी कहा प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर बस स्टैंड बनाने के लिए ?500000 की घोषणा के साथ-साथ प्रस्ताव भेजने के भी लिए कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए हैं इससे पूर्व अतिथियों ने ढाई हजार करोड रुपए की लागत से बनने वाली अपर कैनाल पूजा अर्चना के साथ कार्य को हरी झंडी दी साथ ही जरूरत पड़े तो और भी गांव उसको जोड़ने के लिए राशि अधिक होती है तो सरकार से यह राशि की उपलब्ध करवाई जाएगी उन्होंने महेंद्र मालवीया को धन्यवाद देते हुए कहा कि सिंचाई मंत्री रहते हुए अपने 10000 करोड रुपए इस बांसवाड़ा जिले को मात्र सिंचाई के लिए स्वीकृत किए हैं एक भी काम मालवीया जी आपका रुकेगा नहीं जो काम आपके द्वारा स्वीकृत करवाए गए हैं वह काम यथावत स्वीकृत रहकर उनका पूरा करवाया जाएगा इस मौके पर अतिथियों का भाजपा जिला अध्यक्ष पूंजीलाल गायरी जिला भाजपा महामंत्री दीपसिंह वसुनिया भाजपा मंडल अध्यक्ष रमणलाल गरासिया डूंगरा मंडल अध्यक्ष हिम्मत मेरावत कुशलगढ़ पूर्व अध्यक्ष जिनेंद्र सेठिया नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र आहारी भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रताप पटेल सज्जनगढ़ प्रधान रामचंद्र डिंडोर कुशलगढ़ प्रधान कानहिंग रावतभाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप पटेल जिला आईटी प्रभारी अरविन्द कलाल भाजपा जिला उपाध्यक्ष लीला पंढर गीता पटेल नारायणी देवी कविता प्रधान ने माला और साफा बांधकर स्वागत किया संचालन संजय पांचाल ने किया आभार आभार पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य सिंह लबाना ने माना

## विश्व हिन्दू परिषद की मातृशक्ति की बहनों द्वारा हनुमंत जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया




मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** हनुमान जन्मोत्सव मनाते हुए दी एक दूसरों को बधाईयां...दी। विश्व हिन्दू परिषद की मातृशक्ति की बहनों द्वारा आज रातीतलाई शिंव मार्ग में हनुमंत जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाई गईं जिसमें पहले दीप प्रजलित किया मंत्रो के फिर 21 बार हनुमान चालीसा, 3 बार ? की ध्वनि का उच्चारण, 13 बार विजय मंत्र और जन्मोत्सव की भजन कर्तन किया गया जिसमें विभागीय सतसंग प्रमुख द्वारा भजन की प्रस्तुति दी.. छमा छम पूजन करू हनुमान की.. मंदिर मंदिर मेरे राम बिठाऊ भजनों मे सभी सखीयाँ झूम गईं स्वयं उपस्थिति मिथलेश जी की साथ सभी सखीयों ने बड़ा आनन्द लेते हूँ अन्त मे सुंदर कांड किया व महाप्रसादी के साथकार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें मातृशक्ति की विभागीय सतसंग प्रमुख मिथलेश कोशिक ज़िला बाल सस्कार साधना देवड़ा, सुनीता कौशिक, शशि कटारा, संध्या रस्तोगी, चंदा सिंह, साधना सीमा दवे, डॉ दीपा कटारा मंजू तिवारी आशा टांक नीता पुरोहित सभी मातृशक्ति उपस्थिति रही

## हनुमान जन्मोत्सव पर दोपहर 11 बजे से शरबत वितरण का आयोजन मानस मंडल सेवा संस्थान द्वारा



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़: प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर दोपहर 11 बजे से शरबत वितरण का आयोजन मानस मंडल सेवा संस्थान द्वारा पेट्रोल पंप स्थित हनुमान जी मंदिर पर रखा गया जिसमें करीब 3000 श्रद्धालुओं व आने जाने वाले राहगीरों कोठंडा पेय शरबत पिलाया गया ।यह कार्यक्रम मंडल की स्थापना स्थल पर किया गया। साथ ही रात्रि 7 बजे से सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन होगा। उक्त जानकारी मंडल अध्यक्ष किशोर भावसार ने दी।

# हनुमान जन्मोत्सव में विशाल शोभायात्रा, शोभायात्रा में की गई फूलों की वर्षा, ग़मका शहर जिधर श्रद्धा उधर राम, जिधर निष्ठा उधर हनुमान, इस बीच शोभायात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

## शोभायात्रा हनुमान जी का राम जी के प्रति प्रेम, आस्था और भक्ति का परिचायक है : स्वास्थ्य मंत्री

### सनातन धर्म में हमारी परंपरा, संस्कृति और आस्था, जीवन रूपी यात्रा का मार्गदर्शक है : श्याम

मरुधर विशेष

**करन सोनी एमसीबी।** आज हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सर्व सनातन समाज हल्दीबाड़ी चिरमिरी के तत्वाधान में हनुमान मंदिर भैंसा दफ़ाई हल्दीबाड़ी चिरमिरी से हनुमान मंदिर आमा नाला हल्दीबाड़ी चिरमिरी तक भव्य शोभायात्रा और हनुमान मंदिर आमा नाला में सामूहिक हनुमान चालीसा, महाआरती व विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल भव्य शोभा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उनके साथ चिरमिरी नगर निगम महापौर राम नरेश राय, एमआईसी सदस्य और समस्त नगर निगम के पार्षद शामिल रहे। शोभा यात्रा की शुरुआत हनुमान मंदिर भैंसा दफ़ाई से हुई जहां राम भक्तों की भारी भीड़ मौजूद रही। जय श्री राम, जय जय हनुमान का जयघोष और जिधर श्रद्धा उधर राम, जिधर निष्ठा उधर राम की आस्था दिखाई दी।

ज्ञात हो कि इस शोभा यात्रा आयोजन के एक दिन पूर्व केसरिया रंग से हल्दीबाड़ी चिरमिरी के पूरे मार्ग को सजा दिया गया था, लहराते हनुमान जी का प्रतीक पताका आस्था और विश्वास बनकर सनातन धर्म में जान फूक रहा था। उल्लेखनीय रहे कि भव्य शोभायात्रा के दौरान डीजे की धुन में नाचते हनुमान भक्त हनुमान जन्मोत्सव में आस्था का संचार करते दिखे, इस दौरान शोभायात्रा में भक्तों का हल्दीबाड़ी पेट्रोल पंप और पंजाब नेशनल बैंक के पास



स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में निगम महापौर और पार्षदों की मौजूदगी में फूलों की वर्षा की गई। यात्रा में शामिल स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल भी भक्ति रंग में डूबे नजर आए इससे पहले भी विधानसभा के दौरा कार्यक्रम में विधानसभा के विभिन्न हनुमान मंदिरों में पहुंचकर राम भक्त भगवान हनुमान जी के दर्शन का लाभ लेते हुए आशीर्वाद प्राप्त किए थे लेकिन यहां उनकी भक्ति में आस्था का एक एक रंग दिखाई दिया, शोभायात्रा में जयघोष के साथ पैदल यात्रा कर रहे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब मैं इस यात्रा में शामिल हुआ हूं, इससे पहले भी हर साल शोभा यात्रा में शामिल होता रहा हूं। दरअसल आज की शोभा यात्रा सनातन धर्म की पहचान को दिखाता है। भगवान हनुमान जी का राम जी के प्रति प्रेम,



भक्ति और समर्पण हम सनातनियों के लिए प्रेरणा दायक है। हमें सीखना चाहिए कि किस तरह से हनुमान जी ने राम जी की सेवा की है। मैं जो कह रह हु यह हमारे धार्मिक ग्रंथ रामायण में अक्षरशः लिखा हुआ है। हम सबकी संस्कृति, विरासत में मिली है लेकिन आधुनिकता के दौर में आज के बच्चे इन चीजों से दूर हो रहे है जबकि हमारा धार्मिक ग्रंथ सिर्फ ग्रन्थ ही नहीं है बल्कि जीवन रूपी यात्रा में मार्ग प्रशस्त करने वाला मार्ग दर्शक है। विज्ञान युग में घटने वाली घटनाओं को कई हजार वर्ष पूर्व ही हमारे ग्रंथों में लिखा जा चुका है। जिस समय पूरी दुनिया विज्ञान से कोसों दूर थी उस समय से हमारी सनातन परंपराओं, संस्कृति में विज्ञान का उल्लेख किया जा चुका है। इसलिए आज सिर्फ मनेंद्रगढ़ विधानसभा ही नहीं बल्कि पूरा देश इस जन्मोत्सव को मना



रहा है। आप भी देख रहे है कि भक्तों में कितना उत्साह दिख रहा है और ऐसे कार्यक्रम हमे हमारी परंपराओं को जीने के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ श्री जायसवाल ने सभी प्रदेशवासियों को हनुमान जन्मोत्सव की बधाई देते हुए सामूहिक महाआरती और विशाल भंडारे का लाभ लेने की अपील की। उक्त कार्यक्रम में नगर निगम चिरमिरी के महापौर राम नरेश राय, सभापति संतोष सिंह, भाजपा चिरमिरी मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम सोनकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वारिका जायसवाल, रीत जैन, बबलू शर्मा, राजू नायक, निगम चिरमिरी के समस्त पार्षदगण, चिरमिरी मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला पदाधिकारी, कार्यकर्तागण सहित हजारों की संख्या में चिरमिरी के भक्तजन मौजूद रहे।

## शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं ने मनाया हनुमान जन्मोत्सव, सवामणि व प्रसादी का लगाया भोग

### हनुमान जयंती के उपलक्ष में मंदिरों में लगे बजरंग बली के जयकारे

मरुधर विशेष

**विजय सिंह /मोहम्मद शकील खैरथल** । शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान मंदिर पर श्रद्धा पूर्वक मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव,श्रद्धालुओं ने आम भंडारा और सवामणि कर प्रसादी का लगाया भोग,मंदिरों में लगे बजरंग बली के जयकारे । शहर के प्राचीन हनुमान पहाड़ी स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में 8 अप्रैल से चल रहे पांच दिवसीय भव्य श्री पंच कुण्डीय मारुती महायज्ञ महोत्सव के 12 अप्रैल शनिवार को पूर्णा आहुति कर श्री हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम हनुमान पहाड़ी मंदिर के महंत केशवगिरी महाराज एवं माधव गिरी महाराज के सानिध्य में एवं श्री सिद्ध हनुमान पहाड़ी मंदिर कमेटी अध्यक्ष लालचंद रोघा के नेतृत्व में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान श्री सिद्ध हनुमान पहाड़ी मंदिर पुजारी चंदन लोढ़ा ने विधि विधान से श्री हनुमान जी का अभिषेक कर पुष्पों से विशेष झांकी सजाई गई।श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में शुक्रवार को देर शाम को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। समाजसेवी



पंकज रोघा ने बताया कि 12 अप्रैल शनिवार को प्रातः 9 बजे यज्ञ-पूजन-पूर्णाहूति के बाद दोपहर 12 बजे से साय 4 बजे तक भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वामी मोहन भगत साईं, किशनगढ़ बास विधायक दीपचंद खैरिया, हनुमान पहाड़ी मंदिर अध्यक्ष लालचंद रोघा, किशनगढ़ बास प्रधान बीपी सुमन,संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष ओमप्रकाश रोघा, पुष्करणा समाज अध्यक्ष ध्रुव ठक्कर, डॉ ओम प्रकाश मांधू, समाजसेवी पंकज रोघा, पार्षद नारायण छंगाणी सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सिद्ध श्री हनुमान जी की प्रतिमा के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सोनू लोढ़ा,ललित लोढ़ा,कृष्ण जांगिड़, आकाश चेतवानी,सोनू चौधरी,गुलशन शर्मा,वरुण हेराऊ, अजय गुर्जर, कौशल जोशी ने व्यवस्थाओं को बनाए रखा।वहीं पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री बालाजी मंदिर में श्री बालाजी महाराज की प्रतिमा का विशेष पूजन कर रात्रि 8 बजे भंडारे का आयोजन किया गया वही इस्माइलपुर रोड़ पर नगर परिषद खैरथल में प्रतिपक्ष नेता विक्रम चौधरी विक्की के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर परिषद खैरथल के पास बस स्टैंड पर स्थित हनुमान मंदिर पर बजरंगबली सेवा समिति टैक्सी स्टैंड खैरथल की ओर से भी देसी घी का विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# जिला कोरिया ने खनिज राजस्व में रचा रिकॉर्ड लक्ष्य से 134.72% अधिक संग्रहन

### जिला खनिज अधिकारी ने कहा कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी के मार्गदर्शन पर मिली यह सफलता

मरुधर विशेष

**करन सोनी** कोरिया। जिला कोरिया ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में खनिज राजस्व संग्रहण के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। निर्धारित 8600 लाख रुपये के लक्ष्य के मुकाबले जिले ने 11586.14 लाख रुपये का राजस्व अर्जित कर 134.72 प्रतिशत की उल्लेखनीय प्राप्ति दर्ज की है। जिला खनिज कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह सफलता खनिज संसाधनों के कुशल प्रबंधन, सतत निगरानी तथा पारदर्शी व्यवस्था का परिणाम है।

**राज्य स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन**

राज्य शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 14,000 करोड़ रुपये का खनिज राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध में 13,995 करोड़ रुपये का संग्रहण किया गया , जो लक्ष्य का 99.96% है।

**पिछले वर्ष भी रहा था उत्कृष्ट प्रदर्शन**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी कोरिया जिले ने 74.57 करोड़ रुपये के लक्ष्य के विरुद्ध 106.52 करोड़ रुपये का संग्रहण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की थी। कोरिया जिले का यह प्रदर्शन राज्य के कुछ जिलों के लिए प्रेरणा बन गया है। जिले की इस सफलता पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे जिले के विकास की दिशा में एक मजबूत कदम बताया है। जिला खनिज अधिकारी भूषण पटेल ने बताया कि कलेक्टर चन्दन त्रिपाठी के सतत मार्गदर्शन, निर्देशन पर यह सफलता अर्जित की गई है। उन्होंने बताया कि खनिज राजस्व को बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयासरत हैं।

# ऑपरेशन शंखनाद के तहत जशपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, गौ-तस्कर गिरफ्तार, 40 जीवित और 7 मृत मवेशी बरामद

मरुधर विशेष

**करन सोनी जशपुर।** पुलिस ने ऑपरेशन शंखनाद के तहत बीती रात गौ-तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक 14 चक्का ट्रक से छत्तीसगढ़ से झारखंड ले जाए जा रहे 40 जीवित और 7 मृत गौवंश बरामद किए हैं। इस मामले में साईंटांगरटोली निवासी सरफराज शाह (24 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पत्थलगांव की ओर से एक ट्रक वाहन (सी.जी. 14 एम.डी. 1376) में गौ-तस्करी कर उसे झारखंड के लोहरदगा ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर थाना कांसाबेल, चौकी दोकड़ा और थाना कुनकुरी की संयुक्त टीम गठित की गई। ट्रक के कांसाबेल पार करने की जानकारी मिलते ही कुनकुरी में निरीक्षक



राकेश यादव के नेतृत्व में नाकाबंदी की गई। पुलिस दबाव में आकर आरोपी ट्रक चालक ने वाहन को कुनकुरी के नेशनल हाईवे किनारे खड़ा कर फरार हो गया, जबकि मो. सरफराज को मौके पर ही दबोच लिया गया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें क्रूरता से भरे गए 40 जीवित और 7 मृत गौवंश मिले। साथ ही एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है।

पूछताछ में आरोपी सरफराज ने बताया कि वे लोग 11 अप्रैल की सुबह बिलासपुर के पास एक गांव से मवेशियों को ट्रक में लोड कर रात में पत्थलगांव, कांसाबेल होते हुए झारखंड जा रहे थे। लेकिन पुलिस की सख्ती के चलते उनका साथी ट्रक छोड़कर फरार हो गया। इस पूरे मामले में थाना कुनकुरी में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6 और 10 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

इस कार्रवाई में निरीक्षक राकेश यादव, उप निरीक्षक सुनील सिंह, अशोक यादव, राजेश यादव सहित अन्य पुलिसकर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

एसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि ऑपरेशन शंखनाद के तहत जशपुर पुलिस गौ-तस्करी पर सख्ती से लगाम लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। अब तक लगभग 800 गौवंशों को तस्करी से बचाया जा चुका है।

# दो वर्षों से नाबालिग का यौन शोषण कर रहा आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

मरुधर विशेष

**करन सोनी बलरामपुर।** जिले के थाना कुसमी क्षेत्र के कुम्हारपारा में नाबालिग बालिका के साथ दो वर्षों से लगातार यौन शोषण कर रहे आरोपी बीरबल प्रजापति को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता के मां ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि कुसमी कुम्हारपारा निवासी बीरबल प्रजापति बेटी से बातचीत करता था। बातचीत करते करते दोनों में दोस्ती हो गई और चोरी चुपके से रात्रि में उसके घर आता था और घर मे किसी को मत




बताना कहकर साथ में सोता और जबरन गलत काम करता था जो लगभग 02 वर्षों से लगातार यौन शोषण करते आ रहा है। उसके मना करने के बावजूद बीरबल अपने घर कुम्हारपारा में बहला फुसलाकर कर चोरी चुपके से ले जाता था। जिसके बारे में उसके माता एवं पिता व पूरे परिवार को मालूम था। बीरबल प्रजापति अपने घर कुम्हारपारा वार्ड क 01 में लाकर रखता था और बलात्कार करता था। पुत्री पीड़िता नाबालिग़ है। जिसका फायदा उठाते हुये बीरबल उसे हवश का शिकार बनाया है। जब भी उसको बीरबल को गलत काम करने से रोकती थी बीरबल के द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए जातिगत गाली गलौज कर मारपीट भी करता था। जिसके शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध धारा 64(1) बी. एन. एस 4,6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज आरोपी बीरबल प्रजापति पिता केश्वर प्रजापति उम्र लगभग 25 वर्ष जाति कुम्हार निवासी कुम्हारपारा वार्ड क्रमांक 01 थाना कुसमी को पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. ललित यादव, उनि डाकेश्वर सिंह, क्र. 528 मूलधर पैकरा, आर. क्र. 02 हेमंत तिर्की, आर. क 1131 फूलसाय पावले का सराहनीय योगदान रहा।

## कठूमर से घाटा वाले हनुमान मंदिर के लिए द्वितीय पदयात्रा हुई रवाना



मरुधर विशेष। दिनेश लेखी

**कठूमर ।** कस्बे से घाटा वाले हनुमान मंदिर के लिए द्वितीय पदयात्रा शनिवार सुबह 5 बजे रवाना हुई। कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रिमांशु शर्मा ने बताया कि पदयात्रा का प्रारंभ कठूमर नगरपालिका चेयरमैन शेर सिंह मीणा, समाजसेवी गोपेश भारद्वाज, बिजेंद्र चौधरी, नाहर सिंह, सोमेश्वर चौधरी, सुनील बजाज, रमेश चौधरी एवं कमेटी द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर हुआ। कोषाध्यक्ष विकास भारद्वाज ने पदयात्रा का जगह जगह खेड़ा मैदा, बसैठ, भनोखर, पचकुई में स्वागत हुआ। वही बहतूकला थानाधिकारी संजय शर्मा ने पदयात्रा पर पुष्प वर्षा एवं जलपान करवा कर स्वागत किया। स्वागत करने वाले श्रद्धालुओं का कमेटी ने दुपट्टा उड़ाकर और तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया। मंदिर पर कमेटी द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर बजरंग मित्र मंडल कठूमर अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व अध्यक्ष रिमांशु शर्मा, कोषाध्यक्ष विकास भारद्वाज, कपिल अग्रवाल, मनीष चौधरी, आशीष जैन, रामनिवास, मधुर शर्मा, शेरू सोनी, विष्णु खंडेलवाल सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने राजस्थान पेंशनर्स समाज सम्मेलन डीग में की शिरकत

### पेंशनर्स का किया सम्मान; वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव को बताया समाज के लिए संजीवनी

मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान डीग,।** गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने शनिवार को डीग में आयोजित राजस्थान पेंशनर्स समाज सम्मेलन में शिरकत कर वरिष्ठ नागरिकों के अनुभव को समाज के लिए संजीवनी बताया। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए वृद्धजनों द्वारा बताई गई बाते नैतिक मूल्यों और अनुशासन का संदेश देती है। कार्यक्रम में डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह भी मौजूद रहे। डॉ सिंह ने पेंशनर समाज की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने पेंशनर्स समाज को विश्वास दिलाया कि उनसे संबंधित जो भी समस्याएं हैं उसे त्वरित गति से निष्पादन करने के लिए राज्य सरकार तत्पर है। गृह



राज्य मंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि पहली बार में ही 8 हजार रुपए एवं दूसरी बार में 9 हजार रुपए कर दी गई है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 1 हजार रुपए से बढ़ाकर 1 हजार 150 रुपए कर दिया गया। वर्ष 2025-26 में पुनः बढ़ाकर 1 हजार 250 रुपए किया जा रहा है। श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना में अंतर्गत थाली का वजन 450 ग्राम से बढ़ाकर 600 ग्राम किया गया है। समस्त गरीब परिवारों की महिलाओं को 450 रुपए में एलपीजी सिलेंडर देने के संकल्प को लागू कर लगभग 73 लाख परिवारों को राहत प्रदान की गई है। पेंशनर्स को देय आउट डोर चिकित्सा सुविधा व्यय की सीमा 30 हजार रुपए से बढ़ाकर 50 हजार रुपए प्रतिवर्ष कर दी गई। कर्मचारियों की ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए की गई है।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने दिव्यागों के सामाजिक और आर्थिक संबल को ध्यान में रखते हुए कई विशेष योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि विशेष योग्यजनों द्वारा दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (यू.डी.आई.डी कार्ड) हेतु स्वावलम्बन पोर्टल पर आवेदन किया जाता है, उनमें से पात्रता अनुसार विशेष योग्यजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यू.डी.आई.डी कार्ड) जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि विशेष योग्यजनों को नियमानुसार एवं पात्रतानुसार पेंशन का लाभ मिल रहा है।

## जूनियर से सीनियर क़ो दी विदाई पार्टी



मरुधर विशेष

**बावल सुनीता सैनी** बावल कन्या महाविधालय मे स्नातक तृतीय छात्राओ के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया जिसमे स्टाफ और छात्राये मौजूद रही दिवतीय वर्ष की छात्राओ नें विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे कई रंगा रंग कार्यक्रम आयोजित किये गए छात्राओ दुवारा प्रतियोगिता आयोजित की गई म्यूजिक चेयर प्रतियोगिता मे सुरेखा नें बाजी मारी पेपर डांस मे सोनिया मुस्कान कप प्रतियोगिता मे टीना विजेता रही कला संकाय की खुशी क़ो मिस फेयरवेल चुना गया वाणिज्य संकाय से तनिशा विज्ञानं संकाय से काकुल क़ो मिस फेयरवेल चुनी गई मंच संचालन दीपिका नें किया और अध्यक्षता प्राचार्य ममता गुप्ता दुवारा की गई उन्होंने छात्राओ क़ो सम्बोधित करते हुए कहाँ आगे हायर एजुकेशन की शुरुआत होती हैं सभी के मन मे आगे बढ़ने और कामयाब होने का सपना होता हैं लड़कियां पढ़ लिखकर दो घरो का नाम रोशन करती हैं शिक्षा ही लड़कियो का असली गहना हैं वर्तमान समय मे लड़कियां लड़को से किसी भी छेत्र मे पीछे नहीं हैं लक्ष्य को निर्धारित करके आगे बढ़ना चाहिए इस अवसर पर डॉ दलीप कुमार पूनम देवी अनीता देवी सहित कालेज का स्टाफ और छात्राये मौजूद रही

## कुशलगढ़ हनुमान जन्मोत्सव चल समारोह समिति द्वारा भव्य चल समारोह निकाला

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव चल समारोह समिति के तत्वावधान में चल समारोह निकाला गया। चल समारोह से पूर्व बावलिया खार हनुमान मंदिर में दो दिन से चल रहा अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ एवं महाआरती की गई। बावलिया खार हनुमान मंदिर को आकर्षक रुप से फूलों से सजाया गया। हनुमंत यज्ञ में सुंदरकांड और रामायण की चौपाइयों का स्वाहाकार आचार्य मोटी बस्सी विशाल जोशी सहयोगि सचीन,चिराग ओर विनीत के मुखारविंद से वैदिक मंत्रोच्चार किया। हवन यज्ञ के मुख्य यजमान गोविंद बारोडीया थे।इस दौरान विशेष पूजा-अर्चना की गई। हवन कर पुर्णाहुति किया गया। इसके पश्चात बड़ी संख्या में चल समारोह में शामिल हुए श्रद्धालु। घुड़सवार दल शारदा बैंड, कुशलगढ़ बाहुबली हनुमान जी की विशाल प्रतिमा राम दरबार - आयोजन समिति द्वारा



पेयजल हेतु टेम्पो स्व. श्री संजय जी चौहान की भावांजलि झांकी
ढोल ग्रुप की भक्तिमय गूंज श्री वीर महारुद्र व्यायामशाला का अखाड़ा प्रदर्शन
राम लक्ष्मण जानकी हनुमान जी की आकर्षक झांकी श्री राज डीजे भगोरिया नृत्य कला मंडल, केवड़िया की प्रस्तुति राम दरबार - विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा डीजे ध्वनि के साथ भक्ति रस का संचार शिव-पार्वती अघोरी ग्रुप की झांकी, रामजी प्रतिमा की झांकी (समापन झांकी) आदि शोभायात्रा में शामिल थे। चल समारोह का नगर के धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने अपने-अपने मंचों से व नगरवासियों ने स्वागत कर हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। चल समारोह नगर के नसियाजी, पुलिस चौकी,सरदार पटेल मार्ग,नीलकंठ महादेव,रतलाम रोड,गांधीचौक,नेहरू मार्ग,मामाजी की मूर्ति,सुभाष मार्ग,गांधी मार्ग,लक्ष्मी माता मंदिर हुआ। बावलिया खार खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचा।विशाल भंडारे में शामिल हुए क्षेत्र के श्रद्धालु। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। समिति के रवि भाभोर,हर्षवर्धन पंड्या,नितिन सोलंकी,विजय त्रिवेदी,सुधीर स्वर्णकार,ललित प्रजापत,जेपी बैरागी,परेश बैरागी,वैभव बैरागी,रौनक टेलर,आशीष जोशी ,कैलाश लक्स्कार,राहुल पंचाल, हरेंद्र बारोडिया, प्रवीण बारोडिया,भावेश राठौड़ सहित समिति के 50 कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

# फौलादपुर की बेटी मंजू यादव ने गांव का नाम किया रोशन

### हरियाणा शिक्षा विभाग राजनीति विज्ञान के पद लेक्चर पर हुआ चयन





मरुधर विशेष

**नीमराना(सुनील मेघवाल)** उपखंड क्षेत्र के फौलादपुर गांव की बेटी मंजू यादव का हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा लेक्चर राजनीतिक विज्ञान के पद पर चयन हुआ है। मंजू यादव महावीर प्रसाद सेवानिवृत्ति लेफ्टिनेंट की बेटी है। मंजू यादव फौलादपुर गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सन 2000 में कक्षा 10 पास की थी। मंजू यादव शुरूआत से ही पढ़ाई में होशियार थी। मंजू यादव ने बताया कि हरियाणा लोक सेवा आयोग के द्वारा आयोजित परीक्षा में राजनीतिक विज्ञान के लेक्चर पद दूसरे प्रयास में सफलता मिली है। मंजू यादव हरियाणा के महेंद्रगढ़ क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुचावास में कार्यभार संभाला है।मंजू यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता है अगर सही तरीके से लक्ष्य हासिल करने के लिए मेहनत की जाए। सफलता का सबसे बड़ा श्रेय उनके चाचा जी डॉक्टर राजेश यादव को देती हैं जिनकी बदौलत आज यह सफलता हासिल की है वही सफलता के पीछे अपने पति हरिओम यादव,माता संतरा देवी पिता महावीर प्रसाद यादव ,भाई दीपक यादव एवं ससुराल जनों का पूरा सहयोग रहा। मंजू यादव ने युवाओं को संदेश दिया कि लक्ष्य हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम करना बहुत आवश्यक है जिससे सफलता अवश्य ही हासिल होती है। मंजू यादव गांव के आराध्य लोक देवता रहे बाबा गाय वाला के मंदिर पर पहुंचकर बाबा के दर पर मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। मंजू यादव को सफलता हासिल होने के बाद उनके पिता सेवानिवृत्ति लेफ्टिनेंट महावीर प्रसाद यादव, माता संतरा देवी, चाचा डॉक्टर राजेश यादव, सतवीर यादव एवं भाई दीपक यादव, रणसिंह यादव, दुलाराम साहब, शंकर लाल ष्ठ्थ्ह्ह जी, नमन, नरेंद्र यादव सहित परिवार एवं ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया।

## रोडवाल गांव में हनुमान जी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई

### मेला एवं भंडारे का आयोजन



मरुधर विशेष

**नीमराना ( सुनील मेघवाल)** नीमराना क्षेत्र के रोड़वाल गांव में शनिवार को बाबा मौलड़नाथ महाराज आश्रम परिसर में मंदिर का नवनिर्माण कर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मन्दिर के महन्त बाबा कर्मनाथ महाराज जी के सानिध्य में हनुमान सेवा समिति के द्वारा मन्दिर का नवनिर्माण किया गया।सवा 6 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित कर विद्वान पंडितों के द्वारा हवन यज्ञ कर मंत्रो उच्चारण के साथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया। जिसमें देसी घी से निर्मित भंडारे में पंगत में बैठकर श्रद्धालुओं ने प्रसादी पाई। मेले में अतिथि महन्त बाबा शीतलनाथ महाराज जी शिवस्वरूप आश्रम कालीया पहाड़,महन्त मंगला पूरी महाराज खेड़ी भानोत आश्रम ग्रेटर नोएडा रहे जबकि अध्यक्षता महन्त सुनिल दास महाराज चेतनदास आश्रम के द्वारा की गई। ग्रामीणों के द्वारा अतिथियों का फूलमालाओं और हनुमान जी महाराज का प्रतिक फोटो और पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुरु जी कालूराम जौशी,पूर्व सरपंच नरेंद्र शर्मा,ओमप्रकाश जौशी, नित्यानंद यादव, दलीप मुनिम, धर्मवीर जौशी, निहाल सिंह पंच, ओमप्रकाश कौशिक,ज्ञान प्रकाश, किशोर कुमार,महेश ज्ञान,भानीसहाय, नत्थू राम सैन, प्रेमलाल हनुमान सेवा समिति और बाबा मौलड़नाथ मेला कमेटी सदस्य आई लोग मौजूद रहे।

## माजरा गांव में बाबा श्री हनुमान जी महाराज के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया



मरुधर विशेष

**मुंडावर (सुनील मेघवाल)** मुंडावर कस्बे के गांव माजरा में बाबा श्री हनुमान महाराज जी के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।भंडारे के मुख्य अतिथि भाजपा नेता इन्द्र यादव समाजसेवी रहे ।इन्द्र यादव ने बताया कि बाबा हनुमान जी का आशीर्वाद हम सभी क्षेत्रवसियों पर बना रहे और बाबा हनुमान महाराज जी के आशीर्वाद से हमारे क्षेत्र में सुख शांति अमन चैन कायम रहे ।किसानो की फसल अच्छी हो ऐसे प्रोग्रामों से हमारे क्षेत्र में आपसी भाईचारा बने रहे और इस समय फसल कटाई का समय चल रहा है तो बाबा के आशीर्वाद से हमारी फसल सही सलामत घर पहुँच जाए। हम सभी लोगो को मिलकर हमारे यहाँ के मंदिरों को भव्य और शानदार बनाना चाहिए और हम सभी लोगो को हमारे क्षेत्र में सनातन धर्म को आगे बढ़ाना चाहिए और इस नेक काम में सभी को अपनी अपनी भागीदारी बढ़ा चढ़ाकर हिस्सा लेना चाहिये और हमारे क्षेत्र के युवाओं को पढ़ लिख कर आगे बढ़ना चाहिए। हमारे क्षेत्र में युवा पढ़ेगे लिखेंगे तो हमारे क्षेत्र आगें बढ़ेगा। इस अवसर पर ग्राम विकास समिति और भाजपा नेता इन्द्र यादव द्वारा ग्राम के प्रतिभावान छात्र और छात्रो का सम्मान किया गया।इस अवसर पर रामपाल सरपंच आमोठ ,सन्दीप सरपंच,अरुण वकील,सत्यवीर जगीवाड़ा,कैलाश,भीम अजीत वकील,प्रहलाद,कमल सिंह,सूबेसिंह पंच,रामजीलाल,ताराचंद सचिन,ग्राम विकास समिति के सदस्य और आसपास के समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

# इन्द्रा हैप्पी स्कूल में धूमधाम के साथ मनाया बैसाखी पर्व, बच्चों ने पंजाबी भांगड़े पर किया डांस

मरुधर विशेष

**विजय सिंह /मोहम्मद शकील खैरथल ।** शहर के सिवाना सड़क मार्ग पर स्थित इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खैरथल में शनिवार को बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। संस्था निदेशक एवं खैरथल प्रेस क्लब अध्यक्ष व अंतराष्ट्रीय पत्रकार संघ दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष पंकज खुराना ने बताया कि वर्ष 1976 में जिले के खैरथल में पहला निजी स्कूल खोलकर निजी शिक्षा के क्षेत्र में नई अलख जगाने वाले उनके पिता शिक्षाविद स्वर्गीय श्री डॉ एमपी खुराना जी मार्गदर्शन और विद्यालय की फाउंडर उनकी माता श्रीमती




इन्द्रापाल खुराना जी की प्रेरणा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष में विद्यालय प्रांगण में बैसाखी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में वंश खुराना सहित छोटे-छोटे नन्हे नन्हे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी और पंजाबी भांगड़े पर जमकर डांस किया । बच्चों ने अपने भाषण के माध्यम से बैसाखी पर्व क्यों मनाते हैं उसकी विशेष जानकारी दी। शाला प्राचार्य डॉक्टर ज्योति खुराना व शाला निदेशक पंकज खुराना ने पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की व्यवस्थाएं दिशा बजाज, चांदनी, पूनम, मंजू गुप्ता, भावना,पूजा सेन, ममता गुप्ता आदि ने संभाली । इस अवसर पर हर्षिरत,जानवी,आरवी,प्रतिष्ठा,नेहा,शिवानी, वंशिका,खुशी आदि बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। वैशाली,चेष्ठा,रितेश भगतानी,चरणप्रीत,चरणजीत,जसदीप,अमृत कौर सहित छोटे-छोटे बच्चे सिख की वेशभूषा में सिख बनकर आए सिख बच्चों ने भी भांगड़ा डालकर सभी का दिल जीत लिया। संध्या, रितेश, मानवी ने बच्चों को बैसाखी पर्व का महत्व बताया।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर टेहड़की में भंडारे का आयोजन,भाजपा नेत्री डॉ. अंजली यादव रहीं मुख्य अतिथि



मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल)** श्री हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा श्री हनुमान जी महाराज के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री डॉ. अंजली यादव रही। डॉ. अंजली यादव ने हनुमान जी के छायाचित्र के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना कर जनसमूह को हनुमान जन्मोत्सव की मंगलकामनाएं प्रेषित की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हनुमान जी भारतीय संस्कृति के आदर्श प्रतीक हैं, जो पराक्रम, भक्ति और सेवा भावना के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में आस्था, एकता और ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों,ग्रामीणों एवं मातृशक्ति द्वारा डॉ. अंजली यादव का भव्य स्वागत किया गया।कार्यक्रम के दौरान आसपास के काफी संख्या में मंदिर पर प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष विक्रम यादव, उपाध्यक्ष यशवंत, कोषाध्यक्ष बाबूलाल हवलदार, सचिव रणजीत सूबेदार, अभय सिंह पंच, मोहनलाल चौधरी, नंदराम ओला नेता, मोहरसिंह पीटीआई, रामू मास्टर, सुनराम, अनिल, देवप्रकाश, हेतराम, विपुल यादव सहित हनुमान मंदिर सेवा समिति के समस्त सदस्य एवं ग्रामीण श्रद्धालु सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की जयंती पर कुशलगढ़ में धूमधाम से निकली शोभायात्रा

मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की जयंती पर कुशलगढ़ में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में दर्जी समाज के समाजजन मौजूद रहे। ये शोभायात्रा दर्जी नोहरा से प्रारंभ हो कर बिहारी मंदिर, सुभाष मार्ग, नेहरूमार्ग नीलकंठ महादेव सरदार पटेल मार्ग,गांधी चौक से दर्जी नोहरा पहुंचे।



वहीं शोभायात्रा का लोगों के द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। संत शिरोमणि पीपाजी महाराज की जय समाज अध्यक्ष जितेंद्र राठौर लोकेंद्र ट्रेलर लीलाधर ट्रेलर रमन लाल ट्रेलर कमलेश ट्रेलर भूपेंद्र ट्रेलर सुरेश टेलर निलेश ट्रेलर दिलीप टेलर भावनैश ट्रेलर नितेश ट्रेलर पार्षद सारिका ट्रेलर रंजना ट्रेलर भारती ट्रेलर हेमलता ट्रेलर लता ट्रेलर एवं समस्त दर्जी समाज उपस्थित रहे थे।

# सूरजपुर पुलिस ने नवीन कानून विषय पर कार्यशाला आयोजित कर डॉक्टर, नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ को दी जानकारी

मरुधर विशेष

**करन सोनी** सूरजपुर। 1 जुलाई 2024 से देशभर में 3 नए आपराधिक कानून अमल में आ चुके है। इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, विभिन्न पहलुओं से डॉक्टर, नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ को अवगत कराने कार्यशाला का आयोजन करने के निर्देश डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने दिए थे।

12 अप्रैल 2025 को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में नए कानूनों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के द्वारा जिला चिकित्सालय के डॉक्टर, नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ को नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस विषय पर चर्चा कर कहा कि 1 जुलाई 2024 से नवीन तीनों कानून के तहत कार्य किए जा रहे है। पुलिस एवं चिकित्सक तथा चिकित्सीय क्षेत्र से जुड़े सभी इनका अच्छी तरह



अध्ययन करें जिससे इनका जनहित में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस का प्रमुख काम अपराध होने से पहले ही रोकना और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की अपराध विवेचना सहित घायलों को चिकित्सीय उपचार, मुलाहिजा व पोस्ट मार्डम में डॉक्टर व उनकी टीम का बड़ी महत्वपूर्ण कार्य होता है जिसमें सहयोग करने की बात कही।

डीएसपी रितेश चौधरी ने जानकारी देते हुए कहा कि नए कानूनों में ऐसे बहुत से प्रावधान हैं, जो पुलिस को पहले से ज्यादा ताकतवर बनाते हैं। मसलन - पुलिस अब आरोपी को 90 दिन तक हिरासत में रख सकती है, पहले ये अवधि 15 दिन थी। बीएनएसएस के चैप्टर 13 के सेक्शन 173 में प्रावधान है कि पुलिस अधिकारी को किसी संगीन मामले की शिकायत मिलने पर प्रथम सूचना पत्र लिखने से पहले अपने सीनियर ऑफिसर से अनुमति लेकर 14 दिन की प्राथमिक जांच करनी होगी।' यानी पुलिस अधिकारी को 14 दिन का समय मिलेगा, जिसमें वो तय करेगा कि मामले में प्रथम दृष्टया केस बनता है या नहीं। प्रत्येक दिवस पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए गए लोगों की जानकारी सभी थाना-चौकी व पुलिस कंट्रोल रूम के नोटिस बोर्ड में चश्पा किए जाने के बारे में बताया।

डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप ने नए कानून के तहत जांच करने की शक्ति के बारे में बताया और कहा कि पुलिस को किसी मामले की जांच करने का अधिकार प्राप्त है। पुलिस मामले से जुड़े सबूतों, बयानों और वस्तुओं को भी इकट्ठा कर सकती है। साथ ही न्यायालय पुलिस को मामले की जांच करने के लिए आदेशित कर सकती हैं। बीएनएसएस में इसका जिक्र चैप्टर 13 के सेक्शन 173 से लेकर 196 तक है। बीएनएसएस के सेक्शन 43 (3) के तहत पुलिस अधिकारी अपराध की प्रकृति और गंभीरता को ध्यान में रखते हुए किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करते समय या ऐसे व्यक्ति को अदालत में पेश करते समय हथकड़ी का इस्तेमाल कर सकता है। इस दौरान थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय मरकाम, जिला चिकित्सालय डॉक्टर, स्टाफ नर्स व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

## खैरथल में हर्षोल्लास से मनाया गया साईं बाबा मंदिर का स्थापना दिवस

मरुधर विशेष



**विजय सिंह/ मोहम्मद शकील खैरथल ।** शहर के प्राचीन हनुमान पहाड़ी पर स्थित शिरडी साईं बाबा मंदिर का 14वां स्थापना दिवस 12 अप्रैल शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साईं बाबा मंदिर परिवार के सेवादार जीतू भारती ने बताया कि प्राचीन हनुमान पहाड़ी स्थित शिरडी साईं बाबा मंदिर पर शनिवार को स्थापना दिवस धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया ।इस दौरान मंदिर में 10 बजे ओम साईं राम के उद्घोषों के साथ संत मुरलीधर, काशी पुरी महाराज, माया शंकर महाराज के सानिध्य में झंडारोहण किया गया तथा प्रातः 11:15 बजे साईं बाबा की आरती के बाद खीर का प्रसाद वितरित किया गया। दिनभर धार्मिक अनुष्ठान के बाद देर शाम को साईं बाबा की महाआरती में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। साय 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बाहर से आए कलाकारों की ओर से साईं बाबा की कई झांकियां प्रस्तुत की गई। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने साईं बाबा की प्रतिमा के दर्शन कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान किशन बालानी, पवन झालानी, घनश्यामदास भारती, भगवान नजवानी , महेश भल्ला, वासदेव दासवानी, तरुण निहलानी, श्याम खजनानी, राजू थावानी ने व्यवस्थाओं को बनाए रखा।

Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शाम्दा अलवर से प्रकाशित। मो. 9653906665, 7014373732